श्री गणेश चतुर्थी शोभायात्रा में हेरिटेज निगम ने की विशेष सफाई व्यवस्था

सड़क पर कूड़ा नहीं इकठ्ठा हों, इसके लिए स्टॉल के पास रखवाए डस्टबिन

जयपुर। श्री गणेश चतुर्थी शोभायात्रा के अवसर नगर निगम हेरिटेज ने सड़क को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अनूठी पहल की। शोभायात्रा मार्ग में जगह जगह पर लगी स्टालों के बाहर निगम ने अपने स्तर पर डस्टबिन रखवा दिए, जिससे कि शोभायात्रा में आने वाले लोग सड़क पार कचरा नहीं फेंक पाएं। निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर निगम की स्वच्छता शाखा ने ये इनिशिएटिव लिया। इस दौरान एम डी रोड से ब्रह्मपुरी तक करीब 200 डस्टबिन रखे गए। वहीं इस दौरान निगम के सफाईकर्मियों की क्यूआरटी टीम ने सड़क पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा। उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा ने बताया कि श्री गणेश चतुर्थी शोभायात्रा मार्ग पर दो दिन से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर विशेष टीम भी बनाई गई, जो कि लगातार मॉनिटरिंग कर सफाई व्यवस्था, रंगोली, सजावट, पेचवर्क आदि कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं व्यापारियों से भी समझाइश की गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखें और कचरा सड़क पर नहीं फैलने दें। वहीं शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने खाने पीने की स्टॉल लगाई, इन सबके पास निगम हेरिटेज की ओर से डस्टबिन रखवाएं गए है, साथ ही सफाईकर्मी भी तैनात किए गए। जिससे कि सड़क पार कचरा नहीं फैले।

श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
माली शिक्षण संस्थान
जल-सेवा
अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर। Guru Ji Mo. : 9694904034
श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
माली शिक्षण संस्थान
अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर | GURU JI MO. : 9694904034
जल-सेवा

वैभव गार्डन
खरबूजा मण्डी M.D. रोड में
बुकिंग चालू है
सम्पर्क करे- 7014840725
9829115456